## 7.1. Institutional Values and Social Responsibilities

# 7.1.8. Any other relevant information

**रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय**
**Rani Durgavati Vishwavidyalaya**
(Formerly, University of Jabalpur)
(NAAC Accredited Grade "B" University)

सरस्वती विहार, पचपेढ़ी, जबलपुर–482001 (म.प्र.)
Saraswati Vihar, Pachpedi, Jabalpur-482001 (M.P.)

## 7.1.8. Any other relevant information



# श्री गुरु नानक देव जी का 553 वा प्रकाश पर्व मनाया गया

**चंद्रशेखर**

**जबलपुर** । गुरू नानक देव जी शोध पीठ, बायो डिजाईन इनोवेशन सेंटर, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर एवं श्री गुरु तेग बहादुर खालसा महाविद्यालय, जबलपुर के संयुक्त तत्वाधान में श्री गुरु नानक देव जी का 553 वा प्रकाश पर्व मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. कपिल देव मिश्र, कुलपति, विशेष अतिथि प्रो आर एस चंडोक, प्राचार्य, श्री गुरु तेग बहादुर खालसा महाविद्यालय, संयोजक डॉ बृजेश सिंह, रजिस्ट्रार एवं कार्यक्रम सचिव प्रो. एस. एस सन्धु, निदेशक गुरू नानक देव जी शोध पीठ उपस्थित रहे कार्यक्रम का शुभारंभ श्री सुखमनी साहिब पाठ से हुआ। इसके उपरान्त कीर्तन एवं अरदास की गई। प्रो एस. एस सन्धु जी ने अपने उद्?बोधन में श्री गुरू नानक देव जी के 553 वे प्रकाश पर्व पर आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए उनकी जीवन शैली एवं उनके द्वारा दी गयी शिक्षाओं का विवरण दिया जिन्हे आज के परिदृश्य में सभी को पालन करना चाहिए । डॉ . आर. एस. चंडोकजी ने श्री गुरु नानक देव जी की उदासियों के बारे में बताते हुए कहा की वे किस तरह से अपनी पहली उदासी के दौरान मढ़ाताल गुरुद्वारा जबलपुर में दर्शन दिए थे और दूसरी उदासी के दौरान ग्वारीघाट गुरुद्वारे के दर्शन दिए थे जिसके कारण जबलपुर के ये स्थल अत्यंत ही पवित्र माने जाते हैं। प्रो. कपिल देव मिश्र जी ने अपने उद्?बोधन में श्री गुरु नानक देव जी के त्याग पूर्ण जीवन के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की साथ ही उन्होंने दैनिक जीवन में अध्यात्म की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में सभी को जागरूक किया। डॉ बृजेश सिंह ने भी कार्यक्रम में श्री गुरु नानक देव जी की जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही एवं विद्यार्थियों का प्रोत्साहन किया। कार्यक्रम में प्राध्यापकगण पीठ के विद्यार्थि एवं गुरु नानक देव जी शोध विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया।


city भास्कर

JABALPUR, SUNDAY, 25/09/2016 | 04


# मंच पर छाए स्वयंसेवक

## एनएसएस के स्थापना दिवस पर रादुविवि में समारोह

सिटी रिपोर्टर, जबलपुर• समाज सेवा के माध्यम से छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व का विकास, यही राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य है। शनिवार को रासेयो का स्थापना दिवस विश्वविद्यालय स्तर पर मनाया गया। कार्यक्रम में जहां राष्ट्रीय स्तर पर सहभागिता करने वाले स्वयंसेवकों का सम्मान हुआ वहीं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया। वंदे मातरम... रंग दे बसंती... जैसे एक से बढ़कर देशभक्ति गीतों पर स्वयंसेवकों ने कल्चरल परफॉर्मेंसेस देकर दिल जीत लिया। ये सिलसिला यहीं नहीं थमा, एक ओर जहां माइम के माध्यम से जागरूकता संदेश दिया गया, वहीं दूसरी ओर नाटक के मंचन ने सभी का इंटरटेन भी किया। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के पं. कुंजीलाल प्रेक्षागृह में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस पर विविध आयोजन हुए। नेशनल लेवल पर एनएसएस कार्यक्रमों में भाग लेकर विवि और शहर का नाम रोशन करने वाले स्वंयसेवकों का भी सम्मान हुआ। मुख्य अतिथि राज्य मंत्री शरद जैन, विशिष्ट आतिथि विधायक अशोक रोहाणी, मप्र शासन उच्च शिक्षा अति. संचालक प्रो. केएल जैन,कुलसचिव डॉ.आर के बघेल,जानकीरमण कॉलेज के प्राचार्य डॉ.अभिजात कृष्ण त्रिपाठी रहे, वहीं अध्यक्षता रादुविवि कुलपति प्रो. कपिल देव मिश्र ने की। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अशोक कुमार मराठे मंचासीन रहे। (आर)




### एक नजर प्रस्तुतियों पर

● जीएस कॉलेज के स्टूडेंट्स द्वारा सीता हरण पर माइम की प्रस्तुति दी गई। ●- वहीं जल संरक्षण के लिए मानकुंवर बाई कॉलेज की स्टूडेंट्स ने अवेयर किया। ● नाटक अदृश्य गणेश में जीएस कॉलेज के छात्रों के शानदार अभिनय को सराहना मिली। ● ग्रुप डांस में वंदे मातरम होमसाइंस, रंग दे बसंती अजय सत्य प्रकाश और वो कृष्णा है हितकारिणी उमा वि. देवताल की प्रस्तुति दी गई। ● माता गुजरी कॉलेज से शुभि तिवारी और स्वाति राव ने प्रस्तुतियां दीं, रांझी गर्ल्स कॉलेज से रागिनी ने गणेश वंदना, गुरु तेग बहादुर खालसा से रवीन्द्र विश्वकर्मा ने शिव तांडव पर एकल नृत्य किया। ● सोलो सिंगिंग में हितकारिणी उमावि से आदित्य साहू ने सरस्वती वंदना और सेंट अलॉयसियस कॉलेज से फैजान ने मौला... गीत गाया।

### प्रतिभा को मिला सम्मान

आयोजन के प्रथम चरण में राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर सहभागिता करने वाले स्वयंसेवक सम्मानित हुए। कार्यक्रम अधिकारी देवांशु गौतम, संचालक उन्मुक्त इकाई को राष्ट्रीय एकता शिविर भुवनेश्वर में शानदार परफार्मेंसेस के लिए सम्मानित किया गया।

### इन्हें मिला सम्मान

● राष्ट्रीय एकता शिविर आगरा के लिए निधि उपाध्याय एवं अरविंद लोधी। ● राष्ट्रीय एकता शिविर भुवनेश्वर के लिए वर्षा चौबे व अजय नारायण पटेल। ● राष्ट्रीय एकता शिविर जयपुर के लिए निखिल अग्रवाल व सुरुचि रैकवार। ● गणतंत्र दिवस परेड शिविर 2016 के लिए प्रफुल्ल दुबे, पूनम राहंगडाले, अजय नारायण पटेल। ● अंतर्राराष्ट्रीय यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम, चीन-2016 के लिए श्रेया त्रिपाठी, पूनम राहंगडाले। ● मां तुझे प्रणाम कैम्प भूटान सीमा के लिए अरविंद लोधी व रोशन प्रजापति।

### जीता दिल, विजेता पुरस्कृत

द्वितीय चरण में रासेयो युक्त संस्थाओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति को क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रथम पुरस्कार समूह नृत्य में होमसाइंस, द्वितीय एकल नृत्य में माता गुजरी महाविद्यालय एवं तृतीय स्थान जीएस महाविद्यालय की नाट्य प्रस्तृति को दिया गया।




**इनकी रही मौजूदगी** | राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शम्पा जैन, डॉ. शरद रजक, डॉ. गणेश राठौर, डॉ. कैरोलीन सैनी, डॉ. अशोक बैनर्जी, डॉ. राजलक्ष्मी त्रिपाठी, डॉ. अरुणा, डॉ. कादम्बनी मिश्रा, डॉ. पुष्पलता चौबे, डॉ. सुनील देशपांडे, मनोहर खम्परिया एवं डॉ. प्रज्ञा दुबे उपस्थित थे। संचालन में रासेयो स्वयंसेवकों में मेहेरप्रभा मरकाम, निधि उपाध्याय, पूनम राहंगडाले, अंकुर तिवारी, प्रशांत चापेकर, रोशन प्रजापति, अरविंद लोधी, रवीन्द्र विश्वकर्मा, निखिल अग्रवाल, अजय नारायण पटेल व प्रफुल्ल दुबे आंदि का योगदान रहा। संचालन डॉ. आनंद सिंह राणा एवं देवांशु गौतम, आभार प्रदर्शन डॉ. अशोक मराठे ने किया।

रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय
**Rani Durgavati Vishwavidyalaya**
(Formerly, University of Jabalpur)
(NAAC Accredited Grade "B" University)

सरस्वती विहार, पचपेढ़ी, जबलपुर–482001 (म.प्र.)
Saraswati Vihar, Pachpedi, Jabalpur-482001 (M.P.)







जबलपुर। आजादी की 70 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में सोमवार को होमसाइंस कॉलेज से छात्राओं ने तिरंगा रैली निकाली। फोटो : ओपी नेमा

## राष्ट्रीय सेवा योजना, रादुविवि द्वारा होमसाइंस कॉलेज से निकाली तिरंगा यात्रा

# तन–मन में धारण किया तिरंगा

युवाओं को जरूरत है कि आजादी के मूल रूप को पहचानने की। आजादी के सही अर्थ को समझने की। यह बात कही रादुविवि कुलपति प्रो. कपिलदेव मिश्र ने। अवसर था राष्ट्रीय सेवा योजना, रादुविवि द्वारा आयोजित तिरंगा यात्रा का। होमसाइंस कॉलेज से शुरू हुई इस यात्रा में शहर की 20 शिक्षण संस्थाओं ने लगभग 800 से अधिक छात्रों ने भाग लेकर तिरंगे का सम्मान किया बल्कि तन–मन में तिरंगे को धारण भी किया।



होमसाइंस कॉलेज से निकली तिरंगा यात्रा में विभिन्न कॉलेजों के छात्रों ने भी हिस्सा लिया।




होमसाइंस कॉलेज से निकली तिरंगा यात्रा की अगुवाई करते रादुविवि के कुलपति प्रो. कपिलदेव मिश्र।

**जबलपुर। लाइव**

राष्ट्रीय सेवा योजना के इस आयोजन का उद्देश्य जहां युवाओं को देशभक्ति से जोड़ना है वहीं तिरंगे के तीनों रंग जो संदेश देते हैं उन्हें

ब्लूम चौक, बस स्टैंड, एमएलबी स्कूल होते हुए पुनः होमसाइंस कॉलेज में समाप्त हुई।

### स्टूडेंट्स में दिखा उत्साह

कोई हाथों में तिरंगा लिए दिखा तो किसी न

मिला। 45 मिनट की यात्रा में कुलपति प्रो. मिश्र भी पूरे समय स्टूडेंट्स के साथ चले और उनका उत्साहवर्धन किया। साथ ही कुलपति ने छात्र-छात्राओं से बातचीत के दौरान उनकी भावनाओं को भी जाना। संपूर्ण आयोजन

**इनका रहा सहयोगः** तिरंगा यात्रा के इस आयोजन को सफल बनाने में होमसाइंस कॉलेज की प्राचार्य डॉ. सुनीता श्रीवास्तव, जिला संगठक रासेयो डॉ. आनंद सिंह राणा व सभी 35 कार्यक्रम अधिकारियों डॉ.

14 नईदुनिया जबलपुर, सोमवार 06 नवंबर 2017 लाइव

# लोगों को पिलाया पानी, रखा सुविधाओं का ध्यान

## नर्मदा पंचकोषी यात्रा के दौरान एनएसएस स्वयंसेवियों ने दिखाया सेवाभाव




**जबलपुर। नईदुनिया रिपोर्टर**

किसी ने लोगों को सेवा भाव से पानी पिलाया तो किसी ने दर्शनार्थियों को कतार में रखकर उन्हें एक स्थान पर बिठाया। साथ ही लोगों की सुविधाओं का ध्यान भी रखा। अवसर था नर्मदा पंचकोषी परिक्रमा के दौरान नर्मदा नदी के किनारे भेड़ाघाट, लम्हेटाघाट का। जहां रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय की विभिन्न संस्थाओं से राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवियों ने सेवाभाव से लोगों की मदद की। राष्ट्रीय सेवा योजना उन्मुक्त इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ. देवांशु गौतम के नेतृत्व में कारसेवा की। इस अवसर पर अंबिका द्विवेदी, समीक्षा मिश्रा, रितु पटेल, स्वाति पिल्ले, अरविंद लोधी, प्रतीक जैन, आजाद चक्रवर्ती, नूर मोहम्मद, साकिब अंसारी, रूपेश,प्रतीक, अजय, दानिश व अन्य सदस्यों का सहयोग रहा।

# रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय
## Rani Durgavati Vishwavidyalaya

(Formerly, University of Jabalpur)
(NAAC Accredited Grade "B" University)

सरस्वती विहार, पचपेढ़ी, जबलपुर–482001 (म.प्र.)
Saraswati Vihar, Pachpedi, Jabalpur-482001 (M.P.)

दैनिक भास्कर

city भास्कर

JABALPUR THURSDAY, 13/12/2018

# प्रस्तुत किया मप्र का लोकनृत्य, विश्वशांति के लिए किया प्रेरित

**रादुविवि के रासेयो समन्वयकों ने की इंटरनेशनल गुडविल एंड फ्राटेर्निटी कैम्प में सहभागिता, पंजाब के सुल्तानपुर लोधी में आयोजित हुआ शिविर**



सिटी रिपोर्टर,जबलपुर| एक ओर शिविर के दौरान श्रीलंका, इंडोनेशिया, नेपाल एवं बांग्लादेश के साथ देश भर से आए स्वयंसेवकों के सामने मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए भारतीय संस्कृति एवं मध्य प्रदेश के लोक नृत्य का प्रदर्शन किया, वहीं भाषा का आदान-प्रदान व संस्कृति के आदान-प्रदान जैसे कार्यक्रमों में सहभागिता की। यही नहीं शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने विश्वशांति यात्रा रैली में हिस्सा लिया और विश्वशांति के लिए सभी को प्रेरित किया। यह नजारा था इंटरनेशनल गुडविल एंड फ्राटेर्निटी कैम्प का, जिसका आयोजन राष्ट्रीय युवा योजना, नई दिल्ली द्वारा गुरु नानक देव के 550वें जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में पंजाब के सुल्तानपुर लोधी में 3 से 10 दिसंबर तक किया गया। इस शिविर में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया। संचालन कर रहे डॉ. एस. एन. सुब्बाराव ने मध्य प्रदेश के स्वयंसेवकों को अच्छे प्रदर्शन एवं डिसिप्लिन के लिए बधाई दी। शहर के स्वयंसेवकों ने नेपाल, बांग्लादेश, इंडोनेशिया व श्रीलंका की भाषा सीखने का प्रयास किया और साथ ही वहाँ से आए स्वयंसेवकों को हिंदी भाषा एवं डांस इत्यादि सिखाने का प्रयास किया। इसके अलावा बौद्धिक सत्रों में भी शामिल हुए। मप्र की टीम का नेतृत्व डॉ. देवांशु गौतम ने किया। कैंप में रादुविवि के अंतर्गत रोशन, प्रशांत, अरविंद, सुबेन्दू, सुयस, नूर मोहम्मद, अमित, प्रतीक, नीलेश, आशुतोष, हिमांशु, भगीरथ, कमलेश, अशोक, प्रदीप, गौतम, राघवेंद्र, केशव, कमल, सुनील, गणेश, संदीप, अजय, समीम, पूनम, अम्बिका, सोनल,आयुषी, रोशनी, ऋतु, आस्था, कल्पना, कामिनी, समीक्षा, चाँदनी, अंजलि, नीलम आदि ने सहभागिता की। पी-5